RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 10 | ISSUE 350 | SATURDAY 27-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



जनता जाती भूल सब, चंद दिनों के बाद।
खबर छापकर किस लिए, पुनः दिला दी याद।
पुनः दिला दी याद, मामला फिर भड़काया।
ऊंघ रहे थे यार, हिलाकर हमें जगाया।
कह साहिल कविराय, अगर यह फिर ना ठनता।
अब तक सारा केस, भूल जाती यह जनता।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल






परम पूज्य श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज, पूज्य श्री प्रेम जी महाराज,
सन्त श्री नरकेवल बेदी जी महाराज की कृपा से
परम श्रद्धेय श्री अश्वनी बेदी जी महाराज के पावन सानिध्य में

# 71वां राम नाम अखण्ड-जप-महायज्ञ

## 07 से 28 दिसम्बर 2025

अखण्ड-जप-महायज्ञ 21 दिन-रात्रि निरन्तर चल रहा है।
स्थानः श्री राम शरणम्,
श्री राम पार्क, रानी झांसी रोड, सिविल लाईन्स, लुधियाना।

# समापन समारोह

## 28-12-2025 दिन रविवार

## प्रातः 11 से 1 बजे तक


## स्थानः आर्य कॉलेज (लड़को का)

## सिविल लाईन्स, लुधियाना।

- श्री राम शरणम्, तेजली रोड, यमुनानगर, हरियाणा।
- श्री राम शरणम्, गोल्डन सिटी, सनौर रोड, पटियाला, पंजाब।
- श्री राम शरणम्, कार्ट रोड, नज़दीक पंचायत भवन, शिमला, हिमाचल।
- श्री राम शरणम्, मोहाल बल्ला, गोपालपुर, पालमपुर, हिमाचल (निर्माण अधीन)।
- श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क, रानी झांसी रोड, सिविल लाईन्स, लुधियाना।

shriramsharnam.ludhiana.3 shriramsharnamlive4885

# वर्धमान ग्रुप से हुई सात करोड़ साइबर ठगी मामले में मास्टरमाइंड महिला गिरफ्तार, ईडी ने लिया एक्शन



लुधियाना/यूटर्न/26 दिसंबर। दुनिया के नामी ब्रांड में एक वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन एसपी ओसवाल से हुई सात करोड़ की साइबर ठगी मामले में जालंधर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। इस डिजिटल अरेस्ट मामले में ईडी ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और असम में एक साथ 11 ठिकानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त किए गए हैं। मामले की मास्टरमाइंड रूमी कलिता को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे 2 जनवरी 2026 तक ईडी रिमांड पर भेजा गया है। ईडी के अनुसार यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई। जांच की शुरूआत लुधियाना के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में बीएनएसएस, 2023 के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर हुई थी।

### इसी गिरोह से जुड़े 9 अन्य मामले आए सामने

ईडी ने इसकी जांच शुरू की तो पता चला कि इस गिरोह ने कई लोगों से ठगी की है। बाद में इसी गिरोह से जुड़े 9 अन्य मामलों को भी जांच में शामिल किया गया। जांच में सामने आया कि डिजिटल अरेस्ट के दौरान ठगों ने खुद को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का अधिकारी बताकर एसपी ओसवाल को डराया और जाली सरकारी व न्यायिक दस्तावेज दिखाए। इसके जरिए उन्हें अलग-अलग खातों में करीब 7 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया।

### मजदूरों और डिलीवरी बॉय के नाम से खोले खाते

ईडी ने कार्रवाई के दौरान 5.24 करोड़ रुपए की राशि बरामद कर पीड़ित को वापस कर दी है। शेष रकम को फर्जी खातों के जरिए डायवर्ट किया गया, जो मजदूरों और डिलीवरी बॉय जैसे लोगों के नाम पर खोले गए थे। इन खातों से पैसा या तो आगे भेज दिया गया या तुरंत नकद निकाल लिया। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि रूमी कलिता इन फर्जी खातों की जानकारी ठगी गई रकम के एक तय प्रतिशत के बदले उपलब्ध कराती थी। वह अपराध की आय के डायवर्जन और लेयरिंग की पूरी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल थी।

# 2025 में ड्रग्स, शराब, हथियार और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना ने कड़ी कार्रवाई की



सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/26 दिसंबर। कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना ने शहर में मजबूत कानून-व्यवस्था बनाए रखने, ड्रग तस्करी और दूसरी आपराधिक गतिविधियों पर असरदार तरीके से काबू पाने के लिए साल 2025 के दौरान लगातार कार्रवाई की। जानकारी देते हुए, लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा आईपीएस ने बताया कि 1-1-2025 से 23-12-2025 तक एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 1177 मामले दर्ज किए गए और 1530 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 25 किलो 312 ग्राम अफीम, 535 किलो 800 ग्राम पोस्त, 3 किलो 98 ग्राम चरस, 58 किलो 870 ग्राम गांजा, 23 ग्राम कोकीन, 32 किलो 639 ग्राम हेरोइन, 64 ग्राम बर्फ, 1 किलो 263 ग्राम नशीला पाउडर, 27 किलो 100 ग्राम पोस्त के पौधे, 32,272 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 05 इंजेक्शन बरामद किए गए। इस दौरान ठञ्झ्र एक्ट के तहत सजा की दर 92.7% रही है। उन्होंने आगे बताया कि एक्साइज एक्ट के तहत कुल 274 मामले दर्ज किए गए और 319 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 203 लीटर अवैध शराब, 6723 लीटर लाइसेंसी शराब, 11041 लीटर अंग्रेजी शराब, 85 लीटर बीयर और 50 लीटर लाहन बरामद किया गया। इसके अलावा, आर्म्स एक्ट/एक्सप्लोसिव्स एक्ट के तहत 32 केस दर्ज किए गए और 58 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और इस दौरान 93 पिस्टल/रिवॉल्वर, 03 बंदूकें/राइफल, 311 कारतूस, 28 मैगजीन और 03 ग्रेनेड बरामद किए गए।

### 381 घोषित अपराधी गिरफ्तार

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इस दौरान 381 घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही, यूआई केस में 3824 पेंडिंग गिरफ्तारियां करके 5865 यूआई केस निपटाए गए। ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करते हुए कुल 2,91,693 ट्रैफिक चालान जारी किए गए। आखिर में, लुधियाना के पुलिस कमिश्नर ने कहा कि जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगी।

# MSME फ्रंट ऑटो, लॉजिस्टिक्स से रिन्यूएबल एनर्जी तक—पंजाब में निवेश की नई लहर

चंडीगढ़/यूटर्न/26 दिसंबर। पंजाब के औद्योगिक परिदृश्य को नई ऊर्जा देते हुए राज्य के एमएसएमई सेक्टर में ₹400 करोड़ से अधिक के निवेश का ऐलान हुआ है। उद्योग एवं वाणिज्य तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री ने चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता में स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार उद्योगों के लिए सिर्फ नीतियां नहीं बना रही, बल्कि जमीन पर तेज, पारदर्शी और भरोसेमंद व्यवस्था के साथ निवेशकों का विश्वास जीत रही है।



400 करोड़ रूपये का निवेश

मंत्री ने कहा कि एमएसएमई पंजाब की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और सरकार का फोकस है कि उद्यमियों को फाइलों के चक्कर नहीं, बल्कि कारोबार बढ़ाने का अवसर मिले। क्लप्२३ ढ४ल्लुं के जरिए समयबद्ध मंजूरियां, सरलीकृत नियम और लगातार हैंडहोल्डिंग से राज्य को निवेश के लिए अनुकूल बनाया जा रहा है।

प्रेस वार्ता में कई नामी कंपनियों ने पंजाब में विस्तार की घोषणा कर सरकार की नीतियों पर भरोसे की मुहर लगाई। जय पार्वती फोर्ज ने ₹300 करोड़, कोवा फास्टनर्स ने ₹50 करोड़, लुथरा कोल्ड स्टोरेज ने ₹10झ्र12 करोड़, मोहाली लॉजिस्टिक्स ने ₹10 करोड़ और रोशनी रिन्यूएबल्स ने पहले चरण में ₹100 करोड़ व आगे ₹300 करोड़ निवेश का ऐलान किया।

ऑटो कंपोनेंट्स, कोल्ड चेन, लॉजिस्टिक्स और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में होने वाला यह निवेश हजारों रोजगार अवसर पैदा करेगा और पंजाब को औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। सरकार ने दोहराया कि उद्योग के साथ निरंतर संवाद और सुधारों के जरिए पंजाब को निवेशकों की पहली पसंद बनाया जाएगा।

# 50 करोड़ की प्रॉपर्टी धोखाधड़ी केस में बड़ा मोड़, अनट्रेस रिपोर्ट पर अदालत सख्त; चंडीगढ़ पुलिस को दोबारा जांच के आदेश

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 दिसंबर। सेक्टर-27 स्थित करोड़ों की प्रॉपर्टी से जुड़े 50 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी मामले में चंडीगढ़ पुलिस की जांच एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। करीब तीन साल की जांच के बाद केस को ह्लअनट्रेसह्व घोषित कर बंद करने की पुलिस की कोशिश पर जिला अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए न सिर्फ रिपोर्ट स्वीकार करने से इनकार कर दिया, बल्कि दोबारा विस्तृत जांच कर फाइनल रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी जारी कर दिए ।यह मामला 100 वर्षीय रिटायर्ड कर्नल प्यारा सिंह की संपत्ति से जुड़ा है, जिनका निधन हो चुका है। पुलिस ने वर्ष 2022 में कर्नल की सेक्टर-27 स्थित प्रॉपर्टी को लेकर फर्जी वसीयत तैयार कर संपत्ति हड़पने के आरोप में नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। आरोपितों में कर्नल की बेटी नीलम सारंग (यमुनानगर), दामाद विनोद कुमार, बहुएं और अन्य करीबी रिश्तेदार शामिल हैं।




### तीन साल बाद सिविल विवाद बताकर केस बंद

लंबी जांच के बाद पुलिस ने मामले को आपराधिक न मानते हुए सिविल विवाद करार दिया और जिला अदालत में अनट्रेस रिपोर्ट दाखिल कर दी। हालांकि अदालत ने इस रिपोर्ट को खारिज करते हुए फाइल जांच अधिकारी को वापस लौटा दी और साफ कहा कि अधूरी और अस्पष्ट जांच के आधार पर केस बंद नहीं किया जा सकता।

### शिकायतकर्ता का आरोप, आरोपियों को बचाने की कोशिश

कर्नल प्यारा सिंह के पोते और शिकायतकर्ता विक्रम देव सारंग ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने पहले हाईकोर्ट में हलफनामा देकर वसीयत को फर्जी बताया था और चार्जशीट दाखिल करने की बात कही थी, लेकिन अब अचानक केस को अनट्रेस घोषित कर आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

### जांच अधिकारी पर भी उठे सवाल

विक्रम देव सारंग ने जांच अधिकारी एएसआई जितेंद्र सिंह के खिलाफ पुलिस विभाग में शिकायत भी दी है। आरोप है कि केस से जुड़े अहम गवाहों के बयान जानबूझकर फाइल से हटाए गए और अदालत में उनकी प्रतियां पेश नहीं की गईं। इससे पूरी जांच प्रक्रिया पर संदेह खड़ा हो गया है।

### सीएफएसएल रिपोर्ट बनी पुलिस की दलील

पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 17 दिसंबर 2017 की विवादित वसीयत को लेकर सीएफएसएल की जांच से यह साफ नहीं हो सका कि दस्तावेज असली है या जाली। इसी आधार पर पुलिस किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी और अनट्रेस रिपोर्ट दाखिल की। हालांकि सीएफएसएल की पहली रिपोर्ट में वसीयत की टाइपिंग, लाइन स्पेसिंग और हस्ताक्षरों को लेकर गंभीर संदेह जताया गया था। दूसरी जांच रिपोर्ट में भले ही स्पष्ट छेड़छाड़ के संकेत नहीं मिले, लेकिन दस्तावेज को असली या जाली घोषित करने से परहेज किया गया, जिससे मामला और उलझ गया।

### अब फिर से खुलेगी फाइल

अदालत के आदेश के बाद यह साफ हो गया है कि करोड़ों की इस प्रॉपर्टी से जुड़ा मामला अभी खत्म नहीं हुआ है। अब पुलिस को नए सिरे से जांच कर तथ्यों के आधार पर फाइनल रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। इस केस में आगे और खुलासे होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 10 | ISSUE 350 | SATURDAY 27-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform all and sundry that a Civil Suit bearing number CS/10611/2024 titled 'Tanya Ghai Tracy v. Jiwandeep Singh Ghai and Smt. Mohini Kulwant Ghai stands filed by my client Tanya Ghai Tracy aka Trilochan Kaur Ghai w/o Michael Tracy and d/o Late Sh. Kuldeep Singh Ghai, r/o 38, Birch Street, Sag Harbor, NY 11963 USA, which is at present pending in the Court of Ld. Civil Judge (Jr. Div.) Ludhiana, and that my Client has claimed to have exclusively succeeded to this Property on the basis of a Registered WILL dated 08.02.2017. The Ld. Civil Court vide its Order dated 04.08.2025, has held that at the prefatory stage, the said WILL regarding this property named as Car Bazaar at Village Tharike instantly validates the claim of my client prima facie, and it has been ordered that to safeguard the apparent right of my client (plaintiff) in this property named as Car Bazaar at Village Tharike and to pre-empt proliferation of litigation, defendants viz: Jiwandeep Singh Ghai and Smt. Mohini Kulwant Ghai are restrained from transferring/ alienating etc. this property to anybody without the permission of the Court during the pendency of the suit. Therefore, caution is issued on behalf of my client to the Public in large against directly or indirectly transacting for any alienation/buying/ dealing with this property without the permission of the Ld. Civil Court in accordance with aforesaid orders. Anybody doing/indulging/transacting in violation of the said Order, in respect of this property, shall be doing so at his/her/ its own risk, peril and responsibility, and in such eventuality such person shall be liable for the consequences ensuing therefrom.

503-B, Aggar Nagar B, Ferozepur Road, Ludhiana-141012
M-9814025399/9855925399, Email: piyushkant52@gmail.com

Piyush Kant Jain & Aditya Jain
Advocates

# इंस्टाग्राम-टेलीग्राम से अपराध तक: छह राज्यों में फैला नकली नोटों का बड़ा नेटवर्क ध्वस्त

## ₹7.17 लाख की जाली करेंसी बरामद, पांच शातिर गिरफ्तार; सोशल मीडिया बना सप्लाई का जरिया

चंडीगढ़, यूटर्न, 26 दिसंबर। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और टेलीग्राम के जरिए चल रहे एक बड़े अंतरराज्यीय नकली करेंसी रैकेट का चंडीगढ़ पुलिस ने पदार्फाश किया है। क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में छह राज्यों तक फैले इस संगठित नेटवर्क से जुड़े पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर ₹7.17 लाख की जाली भारतीय मुद्रा बरामद की गई है। बरामद नकली नोटों में 500, 200 और 100 रुपये के कुल 1777 नोट शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार गिरोह का नेटवर्क दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और चंडीगढ़ तक फैला हुआ था। आरोपियों के कब्जे से हाई-क्वालिटी प्रिंटर, लैपटॉप, टैबलेट, स्याही, नकली नोट छापने की सामग्री और एक कार भी जब्त की गई है। यह मामला सेक्टर-11 थाना क्षेत्र में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है।



### कार से निकला जाली करेंसी का जखीरा

20 दिसंबर को सत्यम के खुलासे पर चंडीगढ़ नंबर की ब्रेजा कार से बड़ी मात्रा में जाली नोट मिले। इसके बाद हरियाणा के संदीप और यूपी के सहारनपुर निवासी अब्दुल्ला व शहजाद को भी दबोच लिया गया।

### बरामदगी का ब्योरा

अविनाश कुमार: ₹1.01 लाख
सत्यम विश्वकर्मा: ₹4.76 लाख
संदीप: ₹20,500 + प्रिंटर व लैपटॉप
अब्दुल्ला: ₹10,400 + प्रिंटर
शहजाद: ₹1.09 लाख + इलेक्ट्रॉनिक उपकरण

### नकली करेंसी नेटवर्क पर शिकंजा: 6 आरोपियों पर चार्जशीट, 6 जनवरी से ट्रायल

नकली करेंसी सिंडिकेट के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में चंडीगढ़ पुलिस ने अंतरराज्यीय नेटवर्क को कोर्ट के कटघरे तक पहुंचा दिया है। क्राइम ब्रांच ने छह शातिर आरोपियों—गौरव कुमार, विक्रम मीणा उर्फ विक्की, जितेंद्र शर्मा, जसविंदर सिंह, सोम दत्त और शिवा गुप्ता—के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। मामले में 24.27 लाख रुपये की जाली भारतीय मुद्रा, हाईटेक प्रिंटिंग मशीनें, वाहन और अन्य सामग्री बरामद हुई। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी फेसबुक, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम के जरिए नकली नोटों की सप्लाई करते थे और 1:3 के अनुपात में सौदे करते थे। 6 जनवरी 2026 से नियमित ट्रायल शुरू होगा।

### पीजी से चला पूरा खेल

19 दिसंबर 2025 को सेक्टर-43 आईएसबीटी के पास मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने सेक्टर-52 कजहेरी गांव स्थित एक पीजी में दबिश देकर मास्टरमाइंड अविनाश कुमार और उसके साथी सत्यम विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। यहां से नकली नोटों की शीट और प्रिंटिंग सामग्री बरामद हुई।

### 1:4 के अनुपात में सौदे

जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया पर वीडियो व तस्वीरें भेजकर ग्राहकों से सौदे तय करते थे और 1:4 के अनुपात में नकली नोट सप्लाई करते थे। पांचों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का दावा है कि जांच अभी जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# न्यूज इंपैक्ट : आप सरकार में दूसरी बार हीरो बेकरी हुई सील, चर्चा - अब निगम अफसर-मालिक मिलकर खेलेगें कौन सा नया पैंतरा !

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/26 दिसंबर। भ्रष्टाचारी नेताओं और नगर निगम अफसरों की मिलीभगत से सरकारी जमीन पर बनी हीरो बेकरी को आप सरकार में दूसरी बार सील कर दिया गया है। गौर हो कि कांग्रेसी व अकाली दल की सरकार में यह बेकरी बनी थी। लेकिन इस बार आप सरकार में जब दूसरी बार सील हुई है, तो लोगों में चर्चा है कि शायद इस बार सरकारी जमीन से कब्जा छुड़वा लिया जाएगा।

लेकिन वहीं चर्चा छिड़ गई हैं कि पिछली बार भी बेकरी को सील किया और फिर निगम अफसर और बेकरी मालिक ने सेटिंग कर सीलें खोल ली। हालांकि बाद में यह दिखाया कि मालिक ने सीलें तोड़ी है। ऐसे में चर्चा है कि इस बार देखना होगा कि पीला पंजा चलेगा या फिर इस बार भी मालिक व निगम अफसर कोई नया पैंतरा खेलेगें। वॉर्ड कौंसलर गुरप्रीत सिंह बब्बल द्वारा भी इस अवैध बेकरी का पूर्ण विरोध किया जा रहा था।

उनके इन प्रयासों को रंगत मिली है। बता दें कि यूटर्न टाइम अखबार द्वारा लगातार हीरो बेकरी इललीगल होने और



बेकरी के बाहर लगा चेतावनी नोटिस

अफसरों द्वारा कैसे बचाव किया जा रहा है। इसका खुलासा किया जा रहा था। तीन दिन पहले ही स्टे हटने पर सील की कार्रवाई की चचाएं छिड़ने पर खबरें प्रकाशित की गई। आखिर निगम ने एक्शन लिया और बेकरी को सील कर दिया।

**बेकरी मालिक ने जानबूझकर सुबह से बंद रखी बेकरी...**हीरो बेकरी के मालिक को निगम के कुछ अफसरों द्वारा पहले ही बेकरी सील करने की जानकारी दे दी गई थी। जिसके चलते बेकरी मालिक ने शातिर तरीके से शुक्रवार सुबह से ही दुकान नहीं खोली। तांकि लोगों को सील का पता न चल सके। क्योंकि अगर दिन के समय अफसर आते तो पूरे शहर को पता चल जाता। जिसके चलते यह कार्रवाई शांत तरीके से की गई।

**बेकरी मालिक को भी इललीगल की हैं जानकारी...**चर्चा है कि हीरो बेकरी के मालिक जीत सिंह को भी पता है कि बेकरी सरकारी जमीन पर बनी है। जिसके चलते उन्होंने पिछली दुकान खरीदकर बीच में मिलाकर बेकरी को बड़ा कर दिया था। ताकि अगर कल को उन पर कार्रवाई हुई तो आगे की दुकान गिरेगी, जबकि पीछे की दुकान का बचाव हो जाएगा।

**कई अफसर पक्के तरीके से बेकरी सेफ करने में जुटे...**चर्चा है कि एक पूर्व एटीपी, एक मौजूदा एटीपी और एक राजनेता द्वारा लगातार बेकरी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके चलते उनकी तरफ से दस्तावेजों में भी हेरफेर किया गया है। हालांकि पहले कोर्ट में भी झूठे एफिडेबिट भी दिए गए थे।

अब भी एटीपी मोहन सिंह यहीं दावा कर रहे हैं कि बेकरी सरकारी जमीन पर नहीं है। बल्कि कुछ फीट ही सरकारी जमीन पर है। यानि कि अभी भी अफसर इस बात पर ही अड़े हुए हैं। चर्चा है कि कई अफसर अब बेकरी को पक्के और पूरी तरह सेफ करने के लिए जुटे हैं। ताकि दोबारा से कभी यह मुद्दा न उठे। इसमें बड़ी डील होने की भी चर्चा है।

**इललीगल की गई है कंपाउंड...**दरअसल सरकारी जमीन पर बेकरी बनने के बावजूद कई अफसरों ने सरकारी फीस जमा करके बिल्डिंग कंपाउंड कर डाली। निगम ने 5 सितंबर 2023 को बेकरी सील की। मालिक ने सीलें तोड़ डाली। एटीपी की शह के चलते एक्शन नहीं हुआ। मामला उच्च अफसरों के पास पहुंचा तो दो साल बाद एफआईआर दर्ज हुई। निगम ने बेकरी मालिक को नोटिस जारी कर तीन दिन में अवैध कब्जा छोड़ने के आदेश दिए। मालिक जीत सिंह कोर्ट पहुंचा और खुद को बेकसूर बता और कंपाउंड फीस जमा कराने का हवाला दे स्टे लिया।

स्टे के कारण निगम एक्शन नहीं ले पा रहा था। मगर फिर निगम के कुछ ईमानदार अफसरों ने स्टे का सही से रिप्लाई किया और बताया कि बेकरी अवैध बनी है। फिर कोर्ट ने स्टे हटा दिया।

**हीरो बेकरी के बिधी चंद ने कब्जाई थी 50 गज जमीन...**2003 में पूर्व पार्षद सतपाल पूरी अवैध कब्जों के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ऑर्डर पर लुधियाना निगम ने सर्वे किया। जिसमें पूरे शहर में 6355 जगह सरकारी जमीनें कब्जाने का पता चला। इसमें पक्खोवाल रोड स्थित हीरो बेकरी चौक की नुकर पर एक 50 गज की जमीन पर हीरो बेकरी के पहले मालिक बिधी चंद द्वारा कब्जा कर रखा था।

उनके पड़ोसी भाई-बहन मक्खन सिंह और सरुप कौर की और से 260 गज सरकारी जमीन कब्जाई थी।

### २008 में भी हाईकोर्ट ने बेकरी का कब्जा छुड़वाने के दिए थे आदेश

2003 के मामले में निगम द्वारा कोर्ट में पेश की फाइल में हीरो बेकरी का अवैध कब्जा भी शामिल था। जिसके चलते हाईकोर्ट ने अक्टूबर 2008 में छह महीने के अंदर बेकरी समेत बाकी सरकारी जमीन के कब्जे छुड़वाने के आदेश दिए। निगम अफसरों ने कई जमीनें छुड़वा ली, जबकि बेकरी समेत कई और जमीनों के मालिकों के साथ सेटिंग के चलते कब्जे नहीं छुड़वाए।

**कंपाउंड करने वाले अफसरों पर हो सकता मामला दर्ज...**हीरो बेकरी सरकारी जमीन पर होने के चलते न तो कभी इसका नक्शा पास हो सकता है, न ही सीएलयू हो सकता है और न ही बिल्डिंग कंपाउंड होगी। यह बिल्डिंग सिर्फ गिराई जा सकती है।

वहीं हीरो बेकरी मालिक ने निगम अफसरों के साथ मिलकर बिल्डिंग कंपाउंड की 75 हजार रुपए फीस जमा करवा दी और अफसरों ने भी इसे रेगुलर कर दिया। ऐसे में सरकारी जमीन पर बिल्डिंग को रेगुलर करने वाले अफसरों पर भी एफआईआर दर्ज हो सकती है।

**कोर्ट में दायर की है याचिका...**वहीं हीरो बेकरी मालिक जीत सिंह का कहना है कि बेकरी को गलत तरीके से सील किया है। इस संबंधी शुक्रवार को कोर्ट में याचिका दायर की गई है।





# इंडिगो की गड़बड़ी के बाद केंद्र ने 3 नई एयरलाइंस शंख एयर, अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस को मंजूरी दी

चंडीगढ़/यूटर्न/26 दिसंबर। भारत के एविएशन सेक्टर में यात्रियों को जल्द ही ज्यादा विकल्प मिल सकते हैं, क्योंकि सरकार ने तीन नई एयरलाइंस को उड़ान की तैयारी शुरू करने की मंजूरी दे दी है। शंख एयर, अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस को नागरिक उड्डयन मंत्रालय से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गए हैं, क्योंकि सरकार इंडिगो में हाल ही में हुई गड़बड़ी के बाद कुछ एयरलाइंस पर भारी निर्भरता को कम करना चाहती है। ये मंजूरियां ऐसे समय में मिली हैं जब भारत का घरेलू एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन मुकाबला सीमित है। उम्मीद है कि ये नए खिलाड़ी मिलकर धीरे-धीरे एक ऐसे बाजार में और विकल्प जोड़ेंगे जो अभी कुछ बड़ी एयरलाइंस के कंट्रोल में है।



## नई एयरलाइंस कौन हैं ?

अल हिंद एयर को केरल स्थित अलहिंद ग्रुप प्रमोट कर रहा है, जिसकी पहले से ही यात्रा और संबंधित सेवाओं में मौजूदगी है। फ्लाईएक्सप्रेस एक और प्रस्तावित एयरलाइन है जो ऐसे समय में घरेलू बाजार में प्रवेश करने का लक्ष्य बना रही है जब हवाई यात्रा की मांग मजबूत बनी हुई है लेकिन मुकाबला सीमित है। शंख एयर, जिसके पास पहले से ही NOC है, के 2026 में उड़ान शुरू करने की उम्मीद है। तीनों एयरलाइंस को कमर्शियल सेवाएं शुरू करने से पहले कई रेगुलेटरी और ऑपरेशनल कदम पूरे करने होंगे।

## नई एयरलाइंस ने उड़ानें की शुरू

उड्डयन के तहत, स्टार एयर, इंडिया वन एयर और फ्लाई91 जैसी एयरलाइंस ने उन रूट्स पर उड़ानें शुरू की हैं, जहाँ पहले बहुत कम या बिल्कुल भी हवाई कनेक्टिविटी नहीं थी। इन सेवाओं से छोटे शहरों को नेशनल एविएशन नेटवर्क से जुड़ने में मदद मिली है। मंत्रालय के अनुसार, ऐसे रीजनल ऑपरेशंस को और बढ़ाने की गुंजाइश अभी भी है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन के डेटा के अनुसार, भारत में अभी जो शेड्यूल्ड डोमेस्टिक एयरलाइंस चल रही हैं, वे हैं इंडिगो, एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, एलायंस एयर, अकासा एयर, स्पाइसजेट, स्टार एयर, फ्लाई91 और इंडियावन एयर शामिल है।

## नौ शेड्यूल्ड घरेलू एयरलाइंस ऑपरेशन में

भारत में अभी सिर्फ.नौ शेड्यूल्ड घरेलू एयरलाइंस ऑपरेशन में हैं। अक्टूबर में क्षेत्रीय कैरियर फ्लाई बिग द्वारा शेड्यूल्ड सेवाएं बंद करने के बाद यह संख्या और कम हो गई। इससे सेक्टर में गहराई की कमी को लेकर चिंता बढ़ गई है, खासकर जब यात्रियों की संख्या हर साल बढ़ रही है। बाजार पर ज्यादातर इंडिगो और एयर इंडिया ग्रुप का दबदबा है, जिसमें एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस शामिल हैं। ये एयरलाइंस मिलकर घरेलू हवाई यात्रा का 90% से ज्यादा हिस्सा कवर करती हैं। अकेले इंडिगो के पास बाजार का 65% से ज्यादा हिस्सा है।

## नागरिक उड्डयन मंत्री ने दी जानकारी

नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में मंजूरियों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने शंख एयर, अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। जबकि शंख एयर को पहले ही मंजूरी मिल गई थी, अल हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस के लिए NOC इस हफ़्ते जारी किए गए। मंत्री ने कहा कि भारत के एविएशन सेक्टर जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसे देखते हुए ज्यादा एयरलाइंस को बढ़ावा देना सरकार का लंबे समय से लक्ष्य रहा है। उन्होंने UDAN जैसी योजनाओं का ज़िक्र किया, जो छोटे शहरों और कस्बों तक हवाई कनेक्टिविटी बेहतर बनाने पर फोकस करती हैं।

# हिन्दू सेना की ओर से 21वीं बस यात्रा की रवाना



लुधियाना/यूटर्न/26 दिसंबर। हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्वनी सूरी की और से 21वी बस यात्रा बस्ती जोधेवाल लुधियाना से एडवोकेट कविता राज्य अध्यक्ष लीगल सेल पंजाब की अध्यक्षता में काली माता मंदिर पटियाला एव खाटू शाम मंदिर खन्ना तीर्थयात्रा बस सेवा सफलतापूर्वक आयोजित की। भक्तों की उपस्थिति ने यात्रा को खास बना दिया। अश्वनी सूरी ने इस यात्रा को सेवा व एकता को समाज की असली ताकत बताया। उनकी लुधियाना की टीम हरप्रीत (सेक्रेटरी, हिंदू सेना, लुधियाना), राजेश ठाकुर (जॉइंट सेक्रेटरी, हिंदू सेना), मनी बिरला, पंकज को सम्मानित किया गया। सूरी ने झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। पूरी वातानुकूलित बस सुबह 7बजे बस्ती जोधेवाल चौक, लुधियाना से काली माता मंदिर पटियाला एव खाटू शाम मंदिर खन्ना के दर्शन के लिए रवाना हुई, जिसमें युवा और वृध्द उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा के दौरान निःशुल्क भोजन (प्रसाद) वितरित किया गया और हिंदू धर्म व संस्कृति पर एक विशेष प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विशेषकर युवाओं में जागरूकता और जुड़ाव बढ़ाना था।

# फतेहगढ़ साहिब माथा टेककर वापिस जा रहे युवकों की टैंकर से टकराई बाइक, एक की मौत

सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/26 दिसंबर। खन्ना के नेशनल हाईवे 44 पर एक खड़े हुए टैंकर से बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हैं। घटना दहेड़ू पुल के पास हुई। बताया जा रहा है कि तीनों युवक फतेहगढ़ साहिब में आयोजित शहीदी सभा के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एक ही मोटरसाइकिल पर लुधियाना लौट रहे थे। लोगो का कहना है कि दहेड़ू पुल के पास एक दूध का टैंकर खड़ा हुआ था। धुंध होने के कारण टैंकर पर रिफ्लेक्टर लाइट न होने के कारण मोटरसाइकिल सीधे टैंकर के पिछले हिस्से से टकरा गई। जिसमे एक युवक की मौके पर मौत हो गई। लोगो का कहना है कि टक्कर इतनी भीषण थी कि एक मौके पर मौत हो गए जबकि दो लोग बुरी तरह घायल है। मृतक युवक की पहचान पवन कुमार के रूप में हुए है। मृतक के पिता रामप्रसाद मौर्य ढोलेवाल में तेल का काम करते थे। सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल खन्ना पहुंचाया गया।




# सिरसा में वीर बाल दिवस समारोह, मुख्यमंत्री ने छात्रों को किया सम्मानित

सिरसा, यूटर्न, 26 दिसंबर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार के अद्वितीय बलिदान को राष्ट्र हित की प्रेरणा बताते हुए वीर बाल दिवस समारोह में राज्य के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहिबजादों की शहादत और माता गुजर कौर का अडिग साहस हमें सत्य, धर्म और देशभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में हिन्दी, पंजाबी, अंग्रेजी और संस्कृत विषयों में चार विजेताओं को 21-21 हजार रुपए पुरस्कार दिए गए। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि गुरु साहिबान की शिक्षाओं और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए राज्य सरकार



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को सिरसा में आयोजित वीर बाल दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जत्थेदार जगदीश सिंह झिंडा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए। साथ में हैं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल। (26.12.2025)

लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 325 साल पहले साहिबजादों ने धर्म और आमजन की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जो सदियों तक नई पीढ़ियों को देशभक्ति का पाठ पढ़ाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहादत वर्ष पर राज्यभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, और यमुनानगर, सिरसा तथा अन्य जिलों में उनके नाम पर शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्थाओं की स्थापना की गई। इस अवसर पर विधायकों, गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने साहिबजादों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

वीर बाल दिवस समारोह ने न केवल इतिहास की महानता को याद किया, बल्कि युवाओं को साहस, धर्म और आत्म-सम्मान के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# 5 लाख से अधिक रोजगार, 1.50 लाख करोड़ निवेश: उद्योग में पंजाब का नया रिकॉर्ड

चंडीगढ़/यूटर्न/26 दिसंबर। आम आदमी पार्टी सरकार के गठन के बाद पंजाब ने उद्योग एवं वाणिज्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। वर्ष 2022 से अब तक राज्य में ₹1.50 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित हुआ है, जिससे 5 लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। यह जानकारी उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, ऊर्जा और एनआरआई मामलों के कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरोड़ा ने वर्षांत 2025 की समीक्षा में दी। मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि पंजाब को एक अग्रणी औद्योगिक केंद्र और निवेशकों के पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने की सरकार की मजबूत नीति



और निर्णायक नेतृत्व का परिणाम है। हाल के महीनों में एचएमईएल, वर्धमान स्टील्स, ट्राइडेंट, फोर्टिस हेल्थकेयर, इन्फोसिस और हैप्पी फोर्जिंग्स जैसी दिग्गज कंपनियों ने हजारों करोड़ के निवेश की घोषणा की है।

सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्राथमिकता देते हुए 5 से 45 दिनों में मंजूरियां, स्टांप ड्यूटी में राहत, आरटीबी एक्ट 2.0 और हजारों अनुपालनों के सरलीकरण जैसे बड़े सुधार लागू किए हैं। इफ्अढ-2024 में पंजाब को 'टॉप अचीवर' का दर्जा मिला है।

भविष्य की दिशा तय करते हुए मंत्री ने 13झ्र 15 मार्च 2026 को मोहाली में होने वाले प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट को राज्य के औद्योगिक विकास के लिए मील का पत्थर बताया। नई औद्योगिक नीति जनवरी 2026 तक लागू होगी, जिससे पंजाब की आर्थिक रफ्तार और तेज होने की उम्मीद है।

# PGIMER में बच्चों के लिए वीर बाल दिवस समारोह, ड्राइंग और कविता प्रतियोगिताओं में उमड़ी उत्साहपूर्ण भागीदारी

चंडीगढ़/यूटर्न/26 दिसंबर। पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ ने एडवांस्ड पेडियाट्रिक सेंटर (अढउ) में बच्चों के लिए वीर बाल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। यह आयोजन अढउ में भर्ती बच्चों और अस्पताल आने वाले




बच्चों के लिए किया गया। कार्यक्रम में ड्राइंग और रंगाई प्रतियोगिता के साथ-साथ कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 6 से 12 वर्ष तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में पीजीआईएमईआर के डायरेक्टर प्रो. विवेक लाल, एक्टिंग मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो. अशोक कुमार, पीडियाट्रिक्स विभाग के ऌडऊ प्रो. प्रवीण कुमार और संयुक्त मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. महेश देवनानी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रो. विवेक लाल ने साहिबजादों के शहादत की याद दिलाते हुए कहा कि भारत त्याग और साहस की नींव पर बना देश है।

# एफ एंड सीसी की बैठक में विकास को हरी झंडी, चंडीगढ़ में ड्रेनेज, जलापूर्ति और सिविक इंफ्रास्ट्रक्चर होंगे मजबूत

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 26 दिसंबर। नगर निगम चंडीगढ़ की वित्त एवं अनुबंध समिति (F&CC) की बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूती देने वाले कई अहम सिविक प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। मेयर हरप्रीत कौर बबला की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयुक्त अमित कुमार (आईएएस) समेत वरिष्ठ अधिकारियों और समिति सदस्यों ने शहर में जलभराव, पेयजल आपूर्ति और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े प्रस्तावों पर मुहर लगाई।



बैठक में साफ कहा गया कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निजात और नागरिक सुविधाओं में ठोस सुधार निगम की प्राथमिकता है। इसी दिशा में पंजाब यूनिवर्सिटी सेक्टर-14, सेक्टर-49, धनास, मौली जागरण, सेक्टर-43 और सेक्टर-16डी जैसे इलाकों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज, जलापूर्ति पाइपलाइन, सामुदायिक केंद्र मरम्मत और मार्केट फ्लोरिंग अपग्रेड के कार्यों को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च होंगे, जिससे न सिर्फ ड्रेनेज सिस्टम मजबूत होगा बल्कि पेयजल आपूर्ति, सार्वजनिक भवनों की स्थिति और मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर भी बेहतर होगा। समिति ने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए कि काम तय समयसीमा में और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरा किया जाए। नगर निगम का कहना है कि इन फैसलों से शहर की आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी और आम नागरिकों को सीधे तौर पर राहत मिलेगी।

# पंजाब में खेल क्रांति का रोडमैप: 1,350 करोड़ से गांव-गांव स्टेडियम, शहर-शहर जिम, एक क्लिक पर खेल सेवाएं

चंडीगढ़, यूटर्न, 26 दिसंबर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब में खेलों को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बड़ा रोडमैप पेश किया है। खेल एवं युवा सेवाएं विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 1,350 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 3,100 स्टेडियमों का निर्माण जून 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाएगा और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा।



मान ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए सरकार खेल ढांचे को गांव-गांव तक मजबूत कर रही है। नई खेल नीति 2023 के तहत बनने वाले स्टेडियमों में जॉगिंग ट्रैक, बाड़, गेट, वॉलीबॉल कोर्ट, समतल मैदान और हरियाली जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी।

इसके साथ ही राज्यभर में 3,000 अत्याधुनिक जिम स्थापित किए जाएंगे। पहले चरण में 1,000 जिम 35 करोड़ रुपये से लगाए जाएंगे। खिलाड़ियों को 50 करोड़ रुपये की लागत से 17,000 खेल किटें दी जाएंगी। खेल सेवाओं को आसान बनाने के लिए एक समग्र डिजिटल स्पोर्ट्स पोर्टल लॉन्च किया जाएगा, जहां रजिस्ट्रेशन से लेकर डीबीटी भुगतान, ग्राउंड बुकिंग और ई-सर्टिफिकेट तक सभी सुविधाएं एक क्लिक पर मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल बजट को 350 करोड़ से बढ़ाकर 1,000 करोड़ किया गया है। सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है—खेलों के जरिए स्वस्थ, नशामुक्त और सशक्त पंजाब का निर्माण।

# ड्रोन बम धमकी से चंडीगढ़ जिला अदालत खाली, ई-मेल अलर्ट पर हाई अलर्ट; सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 26 दिसंबर। सेक्टर-43 स्थित चंडीगढ़ जिला अदालत को ड्रोन के जरिए उड़ाने की धमकी मिलने से शुक्रवार को न्यायिक परिसर में अफरा-तफरी मच गई। अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए एक ई-मेल में अदालत परिसर को बम से निशाना बनाने की चेतावनी दी गई थी। अलर्ट मिलते ही पुलिस-प्रशासन हरकत में आया और एहतियातन पूरे कोर्ट परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया।






आईजी पुष्पेंद्र कुमार और एसएसपी कंवरदीप कौर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। वकीलों, अदालत कर्मियों और फरियादियों को सुरक्षित बाहर निकालते हुए परिसर की घेराबंदी कर दी गई।

धमकी को गंभीर मानते हुए बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और विशेष सुरक्षा टीमें तैनात की गई। पूरे कोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है।

उधर, साइबर सेल ने धमकी भरे ई-मेल की तकनीकी जांच शुरू कर दी है। ई-मेल भेजने वाले की पहचान, आईपी एड्रेस और लोकेशन का पता लगाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की गई है।



## दूध और ब्रेड पकौड़े का लगाया लंगर

सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/26 दिसंबर। ओशो फोर्ज लिमिटेड के सदस्यों द्वारा चार साहिबजादों की शहादत पर शुक्रवार को चंडीगढ़ रोड पर दूध और पकौड़े का लंगर लगाया गया। ओशो फोर्ज के एमडी अशोक कुमार ने बताया कि सिख धर्म की खातिर दसम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी ने अपना परिवार वार दिया। उनकी याद में ये सेवा की जा रही है।

# चंडीगढ़ में अतिक्रमण पर निगम का सख्त एक्शन, 25 दिन में 2,781 चालान; 1 जनवरी के बाद जीरो टॉलरेंस






अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 26 दिसंबर। शहर को अवरोधमुक्त और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ ने अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। प्रवर्तन (एन्फोर्समेंट) विंग ने 1 से 25 दिसंबर 2025 के बीच बड़ी कार्रवाई करते हुए 2,781 चालान काटे हैं। यह अभियान पैदल यात्रियों की सुगम आवाजाही, सड़कों की सुरक्षा और निगम नियमों के सख्त पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त ने साफ शब्दों में कहा है कि अवैध वेंडिंग और नियमों के उल्लंघन पर अब कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। सभी पंजीकृत स्ट्रीट वेंडरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय समाप्त होते ही अपने सामान, तिरपाल और उपकरण वेंडिंग साइट से हटा लें।

वेंडरों के अनुरोध पर निगम ने राहत देते हुए 1 जनवरी 2026 तक रात 10 बजे के बाद सामान हटाने की मोहलत दी है, लेकिन इसके बाद नियम तोड़ने वालों के खिलाफ बिना चेतावनी सख्त कार्रवाई होगी। निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि वेंडर केवल आवंटित स्थानों पर ही कारोबार करें। साथ ही शहर में व्यवस्था, सफाई और सुरक्षा बनाए रखने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## दूध-डेयरी के 40 प्रतिशत सैंपल फेल, 12 प्रतिशत अनसेफ, एफएसएसएआई का सख्त अभियान शुरू

सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/26 दिसंबर। एक बार फिर जिले में दूध और दूध से बने उत्पादों की व्यापक सैंपलिंग शुरू करने की तैयारी की जा रही है। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) ने इसके लिए एक विशेष योजना तैयार की है। इस अभियान के तहत उन जिलों पर खास नजर रखी जाएगी, जहां सबसे ज्यादा दूध और दूध उत्पादों के सैंपल फेल हुए हैं।



जानकारी के अनुसार, पंजाब में सबसे ज्यादा खराब सैंपल लुधियाना जिले से सामने आए हैं। यहां करीब 40 प्रतिशत दूध और दूध से बने उत्पादों के सैंपल फेल पाए गए, जिनमें से लगभग 12 प्रतिशत सैंपल खाने के लिए असुरक्षित (अनसेफ) घोषित किए गए। इसी तरह की स्थिति कई अन्य राज्यों में भी सामने आई है। त्रष्टरअकने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि दूध, पनीर, खोया और घी सहित दूध से बने उत्पादों की सघन जांच की जाए। हाल के दिनों में मिलावटी पनीर और खोया की बिक्री की शिकायतें मिलने के बाद यह फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि लुधियाना जैसे जिलों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही लोगों को मिलावटी और घटिया खाद्य पदार्थों के नुकसान के बारे में जागरूक भी किया जाएगा। घी की सैंपलिंग पर भी खास ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि महंगे दामों पर घटिया घी बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

# 71वां राम नाम अखण्ड जप महायज्ञ का समापन समारोह आर्य कॉलेज में कल: संत अश्वनी बेदी जी


संत अश्वनी बेदी जी


रमणीक बेदी जी


माँ रेखा बेदी


सन्नी भल्ला


भारत भूषण आशु


सोहन सिंघ बैंस


संदीप जैन


महेश मित्तल


सुदर्शन जैन


श्रुति थापर


उमा मित्तल


वरिन्दर गुप्ता राजू

लुधियाना, यूटर्न, 26 दिसंबर। श्री राम शरणम्-श्री राम पार्क में जो 71 वा राम नाम अखण्ड जप महा यज्ञ भक्ति भाव से चल रहा है । यह यज्ञ पूज्य संत श्री नरकेवल बेदी जी महाराज के प्राथार्ना करने पर परम पूज्य श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने स्वयं 1954 में संत बेदी जी के निवास स्थान पर यह राम नाम अखण्ड जप महायज्ञ आरम्भ करवाया । 5 साल तक स्वयं श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज, इस यज्ञ में पधारे और यज्ञ की आरती स्वयं उतारी । 1959 को श्री स्वामी जी महाराज ने आदेश किया पूज्य संत नरकेवल बेदी जी महाराज से की अब इस यज्ञ को आप स्वयं चलाओ । 13 नवम्बर 1960 को परम पूज्य श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने अपना पंच भौतिक चोला त्याग दिया । तब से श्री स्वामी जी महाराज के उत्तराधिकारी परम पूज्य श्री प्रेम जी महाराज के आशीर्वाद से संत बेदी जी महाराज की अनन्य सेवा से आज तक यह राम नाम अखण्ड जप महायज्ञ निर्विघ्न चल रहा है । इस वर्ष 71 वर्ष पूर्ण हो रहें हैं । संत अश्वनी बेदी जी कहते है कि यह सब श्री राम कृपा और गुरुओं के आशीर्वाद से ही सम्भव है । अपने पिता के आदेश का पालन करते हूए संत अश्वनी बेदी जी, इनके सुपुत्र रमणीक बेदी जी, मां रेखा बेदी जी सारा परिवार राम नाम के प्रचार में और सत्संगो की सेवा में दृढ़ता से पूर्ण रुप से समर्पित है । संत अश्वनी बेदी जी ने आज राम नाम की सुंदरता का वर्णन करते हुए कहा कि जिन भक्त जनों के मन में राम बस जाता है वे राम नाम जपने वाले अमर हो जाते हैं उनकी कीर्ति तथा शोभा सदा बनी रहती हैं वे राम नाम जपने वाले काम , क्रोध , लोभ , मोह और अहंकार आदि विषयों से भी ठरो नही जाते। अश्वनी बेदी जी ने कहा कि श्रीराम प्रभु सदा अपने भक्त के अंग संग रहते हैं भयंकर प्रकार के दुख - कष्ट - कलेश से अपने भक्त की रक्षा और सहायता करते हैं इसलिए श्रीराम को अपने अंग संग मान कर सदा खूब राम नाम जपें और श्री राम कृपा प्राप्त करे ।आज यज्ञ में श्री महेश मित्तल जी, उमा मित्तल, विनायक मित्तल, रांचल मित्तल, सुर्दशन जैन, संदीप जैन, सरदार सोहन सिंघ बैंस , भारत भूषण आशु, सन्नी भल्ला, फूल बंगला उत्सव के वरिंदर गुप्ता राजू , सुमन , जैन, रुपाली जैन, शिखा जैन,, अनीरुध गुप्ता, मीरा गुप्ता, सुमित गुप्ता, करण गुप्ता, वरिन्द्र जैन, आशु जैन, मधु बजाज, विवेक बजाज, कनुप्रिया बजाज, सुकर्मा सुद, सुमति सुद, यतिश सुद, पूनीत जिंदल, भूषण गुप्ता गोरा, श्वेता साहनन, रामेश्वर गुप्ता, राज गुप्ता, बृजेश गुप्ता, शशि गुप्ता, मंजू गुप्ता, भाविका गुप्ता, उत्सव प्रकाश, बहार प्रकाश, श्रुति थापर, लता बत्तरा, गुलाब राय, टिटू पायलट, लीना शर्मा, शौर्य शर्मा, सुरुचि सिंघल, माधव सिंघल, महादेव सिंघल, सुरेश गुप्ता, निरा गुप्ता, श्रेय गुप्ता, शशि जैन, राजीव जैन व अन्य साधक बड़ी संख्या में सम्मिलित रहे ।

## रूह से रूबरू




चारू नागपाल

### क्या विश्व में हिंदुओं के खिलाफ कोई प्रोपेगेंडा चल रहा है ?

आज के समय में धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को लेकर दुनिया भर में कई प्रकार की चचाएँ हो रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुओं के खिलाफ एक नकारात्मक प्रोपेगेंडा चलाया जा रहा है, जिसके कारण उन्हें भेदभाव और नस्लवाद का सामना करना पड़ता है। यह बात भी सही है कि कई देशों में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक है और वहाँ उनकीसुरक्षा, आस्था और परंपराओं को लेकर चुनौतियाँ सामने आती हैं। सोशल मीडिया और वैश्विक राजनीति के माध्यम से गलत जानकारियाँ फैलाना आज बेहद आसान हो गया है। कई बार हिंदू धर्म और उसके प्रतीकों को गलत तरीके से दिखाया जाता है, जिससे गलतफहमियाँ बढ़ती हैं। कुछ देशों में हिंदू मंदिरों पर हमले, धार्मिक स्वतंत्रता में बाधाएँ और सांस्कृतिक अपमान की घटनाएँ भी सामने आती हैं। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या वास्तव में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। हालाँकि, यह भी जरूरी है कि हर आरोप की जाँच तथ्यों के आधार पर हो। दुनिया में कई जगह हिंदू समुदाय को सम्मान और सहयोग भी मिलता है।इसलिए आवश्यक है कि वैश्विक स्तर पर संवाद, समझ और आपसी सम्मान को बढ़ाया जाए। यह प्रोपेगेंडा दूसरे देशों में बसने वाले भारतीयों के लिए काफी चिंताजनक स्थिति है हालांकि भारतीय सरकार हर मुद्दे पर नजर रखती है परंतु बहुत बार घटनाएँ सरकारों तक नहीं पहुँचती तो सरकार को चाहिए कि हिन्दुओं और भारतीयों के सम्मान का विश्व भर में ध्यान रखा जाए क्योंकि भारत एकमात्र हिंदू देश है इसलिए विश्व भर में हिंदुत्व की रक्षा के लिए आवाज उठाना इसका कर्तव्य भी बनता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**legal Custody और Third Degree — इससे केस पर क्या असर पड़ता है ?**

कई बार सुनने में आता है कि आरोपी के साथ पुलिस हिरासत में 'थर्ड डिग्री' अपनाई गई या उसे गैर-कानूनी तरीके से रोका गया। कानून की नजर में यह बेहद गंभीर बात है। BNSS 2023 स्पष्ट करता है कि जांच चाहे जितनी जरूरी हो, Illegal Custody और हिंसा किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है।

**Illegal Custody क्या है ?**

जब किसी व्यक्ति को कानून द्वारा तय प्रक्रिया के बिना रोका जाए, निर्धारित समय से ज्यादा हिरासत में रखा जाए, या मजिस्ट्रेट के सामने समय पर पेश न किया जाए— तो इसे Illegal Custody कहा जाता है।

**Third Degree का क्या मतलब है ?**

पूछताछ के दौरान शारीरिक या मानसिक यातना, मारपीट, धमकी या दबाव डालना आम भाषा में Third Degree कहलाता है। कानून इसे सीधे तौर पर मानवाधिकारों का उल्लंघन मानता है।

**इसका केस पर क्या असर पड़ता है ?**

यदि अदालत को यह लगे कि आरोपी से बयान या Recovery दबाव, मारपीट या गैर-कानूनी हिरासत में ली गई है, तो— ऐसा बयान कमजोर या अमान्य माना जा सकता है, Recovery पर भी संदेह किया जा सकता है, जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठता है। कई मामलों में अदालतें यह साफ कह चुकी हैं कि Illegal Custody से निकला सबूत न्याय को दूषित करता है।

**पुलिस पर क्या असर पड़ता है ?**

अगर Illegal Custody या Third Degree साबित हो जाए, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई, मुआवजे का आदेश, और गंभीर मामलों में आपराधिक जिम्मेदारी तक तय की जा सकती है।

निष्कर्ष: कानून अपराध की जांच की इजाजत देता है, लेकिन अत्याचार की नहीं। इठरर का संदेश स्पष्ट है— जांच कानून के भीतर होगी, वरना उसका परिणाम पूरे केस को कमजोर कर सकता है।

# मां बगलामुखी यज्ञ में आहुतियां डालने से जीवन के हर संशय का होता है नाश व दूर होती हैं व्यापार की बाधाएं : महंत प्रवीण चौधरी

## मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण जी के सानिध्य में आयोजित हुआ व्यापार वृद्धि यज्ञ





लुधियाना, यूटर्न, 26 दिसंबर। मां बगलामुखी धाम में आयोजित व्यापार वृद्धि यज्ञ में यजमान परिवारों ने आहुतियां डाल कर जगत जननी से भक्ति रुपी ज्ञान मांगा। महंत प्रवीण जी ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में पूणार्हुतियां डलवाई। धाम के सेवकों ने भक्तों को मां भगवती के चरण स्पर्श से तैयार चरणामृत व मां को अर्पित अनेक प्रकार व्यंजनो का भोग प्रसाद वितरित किया । इससे पूर्व संकीर्तन मंडल ने मां बगलामुखी की स्तुति में भजन प्रस्तुत कर भाव विभोर किया। नन्हें-मुन्ने बच्चो ने बगलामुखी चालीसा का पाठ किया। महंत प्रवीण जी ने मां बगलामुखी यज्ञ की महत्वता बताते हुए कहा कि मां बगलामुखी की अराधना करने से बाधाओं, संघर्षों और भय से मुक्ति मिलती है । मां बगलामुखी के चरणों में बैठ कर मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालने से जीवन के हर संशय का नाश होता है। वही व्यापार में भी वृद्धि होती है । हवन यज्ञ के उपरांत महंत प्रवीण जी ने मां बगलामुखी धाम में 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026 तक आयोजित होने वाले अखंड महायज्ञ की तैयारियों का जायजा लिया । उन्होने कहा कि मां बगलामुखी धाम को पीले रंग के पंडाल से सजाया जाएगा। इस अवसर पर सुनील महाजन, रमन घई, जतिंदर सूद , विजय गुप्ता ,पुरुषोत्तम चौधरी,सुधीर महाजन, सुनील हांडा, गौतम सचदेवा, संदीप सूद,जतिन सूद,मनीष गुप्ता, धीरज गुप्ता, राकेश पासी,सुनील पासी, राज सोलंकी, राम पाल त्रिखा,बौबी मक्कड़, दिनेश रल्ली ,गौरव मेहता,तरुण चौधरी , तरुण जैन सुराना, तजिन्द्र मिगलानी, वेद लुथरा, रमन शर्मा, राकेश खेड़ा, हरमोहन मल्होत्रा, जनक राज सिंगला, रोहित शर्मा,सोमनाथ शर्मा,प्रवेश चड्ढा, सतविन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र वालिया, वरुण चोपड़ा, आदित्य गुप्ता, पंडित भूपेन्द्र,वरुण शर्मा,वरुण दत्त, तुषार बांसल, नरेन्द्र मोहिनी, अरुण मेहता, गुनीत खेरा सहित अन्य भी उपस्थित थे।

# जब जींद के गांव ईंटल कलां में अचानक रुके मुख्यमंत्री



चंडीगढ़, यूटर्न, 26 दिसंबर। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज राखीगढ़ी जाते समय अचानक जींद जिले के गांव ईंटल कलां में रुके और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री का अचानक गांव में रुकना ग्रामीणों के लिए सुखद आश्चर्य का अनुभव बना। गांव में मुख्यमंत्री ने मौजूद ग्रामीणों से खेती बाड़ी सहित स्थानीय मुद्दों पर को लेकर चर्चा की और बुजुर्गों का हालचाल जाना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हुक्का गुड़गुड़ाते ग्रामीणों के बीच कुछ समय बिताया। उन्होंने ग्रामीण जीवन की सादगी और आपसी भाईचारे की भावना की सराहना करते हुए कहा कि गांवों की यही आत्मा हरियाणा की असली ताकत है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किए और क्षेत्र की कुछ स्थानीय समस्याओं का संक्षेप में उल्लेख किया, जिन्हें मुख्यमंत्री ने ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन भी दिया।

# 1878 करोड़ का जीरकपुर-पंचकूला बाईपास पंजाब की तरफ से फाइनल मंजूरी में देरी के कारण अटका

चंडीगढ़/यूटर्न/26 दिसंबर। ट्राईसिटी क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने के लिए बनाया गया। एक बहुप्रतीक्षित सड़क प्रोजेक्ट नौकरशाही की देरी का शिकार हो गया है, क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के महीनों बाद भी पंजाब सरकार ने अभी तक अंतिम पर्यावरण मंजूरी नहीं दी है। 1878 करोड़ का जीरकपुर-पंचकूला बाईपास, जो एक छह-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे है, को इस साल की शुरूआत में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मंजूरी दी थी। इस प्रोजेक्ट को प्रस्तावित ट्राईसिटी रिंग रोड में एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है, जिसे चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला और जीरकपुर के बीच ट्रैफिक प्रवाह को सुचारू बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। केंद्र सरकार की हरी झंडी के बावजूद, यह प्रोजेक्ट पंजाब से लंबित स्टेज-2 वन मंजूरी के कारण आगे नहीं बढ़ पाया है, जो निर्माण शुरू होने से पहले अनिवार्य है।



## बाईपास क्यों जरूरी है

जीरकपुर उत्तरी भारत में सबसे व्यस्त ट्रैफिक जाम वाले पॉइंट्स में से एक के रूप में उभरा है, जहाँ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के बीच चलने वाले वाहनों का आवागमन होता है। एनएच-7 पर रोजाना होने वाले जाम, खासकर पटियाला चौक और बाल्टाना के पास, लंबी देरी, बढ़ते प्रदूषण स्तर और बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

## पूरा होने के बाद, बाईपास से उम्मीदें

भारी और लंबी दूरी के ट्रैफिक को शहरी सड़कों से दूर किया जाएगा। पंचकूला और मोहाली के बीच यात्रा का समय कम होगा। घनी आबादी वाले इलाकों में हवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलेगा। शहरी योजनाकारों का कहना है कि बाईपास अब वैकल्पिक नहीं बल्कि ट्राईसिटी की बढ़ती आबादी के लिए जरूरी है।

## स्टेज-२ वन मंजूरी क्या है ?

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए वन मंजूरी दो चरणों में दी जाती है। स्टेज-1 (सैद्धांतिक मंजूरी) प्रारंभिक जांच के बाद दी जाती है। स्टेज-2 (अंतिम मंजूरी) केवल क्षतिपूर्ति वनीकरण, भूमि हस्तांतरण और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों जैसी शर्तों के अनुपालन के बाद जारी की जाती है। जबकि स्टेज-1 मंजूरी पहले ही मिल चुकी है, स्टेज-2 मंजूरी अभी भी लंबित है, जिससे प्रोजेक्ट रुका हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि इस मंजूरी के बिना, अधिकारी टेंडर जारी करना, निर्माण अनुबंध देना, साइट पर भौतिक काम शुरू करना नहीं कर सकते। नतीजतन, बोली प्रक्रिया को कथित तौर पर कई बार स्थगित किया गया है।

## केंद्र-राज्य समन्वय पर ध्यान

इस देरी ने एक बार फिर बड़े बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लागू करने में केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय की कमी को उजागर किया है। हालांकि सेंट्रल लेवल पर फंडिंग और अप्रूवल मिल गए हैं, लेकिन राज्य-स्तरीय क्लीयरेंस एक अहम फैक्टर बना हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, पंजाब सरकार को बार-बार रिमाइंडर भेजे गए हैं, लेकिन क्लीयरेंस का अभी भी इंतजार है, जिससे लागत बढ़ने और टाइमलाइन में देरी होने की चिंताएं बढ़ गई हैं।

# 25 वर्षों बाद अजीत रोड निवासियों को मिलेगा कम्युनिटी सेंटर, मेयर ने किया शुभारंभ



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/26 दिसंबर। अजीत रोड क्षेत्र के निवासियों के लिए आज का दिन उस समय बेहद खास और ऐतिहासिक साबित हुआ, जब उनकी वर्षों से लंबित चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। शुक्रवार बठिंडा के मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने अजीत रोड की गली नंबर 9-बी में बनने वाले कम्युनिटी सेंटर के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस कम्युनिटी सेंटर के निर्माण पर लगभग 70 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर डिंपी बाघला की अगुवाई में सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम में पहुंचकर मेयर पदमजीत सिंह मेहता का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के जेई राजेश कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेयर मेहता ने बताया कि अजीत रोड के निवासी पिछले करीब 25 वर्षों से कम्युनिटी सेंटर बनाए जाने की मांग कर रहे थे, लेकिन अब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं हो सकी थी। उन्होंने कहा कि हाल ही में क्षेत्र निवासियों ने उनसे मुलाकात करके अपनी समस्या रखी, जिसे गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा तुरंत कार्रवाई की गई और आज निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी गई है। मेयर ने बताया कि यह कम्युनिटी सेंटर लगभग 6 से 7 महीनों के भीतर बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके निर्माण के बाद क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा।

# चाइना डोर से जन-जीवन और पक्षियों को खतरा, कांग्रेस ने DCP को ज्ञापन सौंपा

लुधियाना/यूटर्न/26 दिसंबर। लोहड़ी के नजदीक आते ही शहर में पतंगबाजी शुरू हो जाती है, लेकिन इस बीच चाइना डोर की बिक्री और उपयोग से लोगों और पक्षियों की जान को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। चाइना डोर पर पाबंदी होने के बावजूद कुछ दुकानदार इसे मोटे मुनाफे के लिए बेच रहे हैं। इससे हर साल कई लोग और पक्षी घायल हो जाते हैं और कभी-कभी जान भी जाते हैं।



इस गंभीर मुद्दे को लेकर आज ओबीसी विभाग कांग्रेस लुधियाना के सीनियर वाइस चेयरमैन एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विनय वर्मा ने डीसीपी इन्वेस्टिगेशन हरपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि चाइना डोर बेचने और इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। विनय वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो यह जनता और पक्षियों के लिए गंभीर खतरा बना रहेगा।

# फिको ने पंजाब सरकार से जीएसटी रिफंड तुरंत जारी करने की मांग की, उद्योग जगत में बढ़ी नाराजगी

चंडीगढ़/यूटर्न/26 दिसंबर। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (फिको) ने पंजाब सरकार से जीएसटी रिफंड तुरंत जारी करने की अपील की है। फिको के प्रधान श्री गुरमीत सिंह कुलार और महासचिव श्री मनजिंदर सिंह सचदेवा ने वित्त मंत्री श्री हरपाल सिंह चीमा और उद्योग मंत्री श्री संजीव अरोड़ा से





मुलाकात कर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया। फिको ने बताया कि साइकिल, सिलाई मशीन और कृषि उपकरण जैसे तैयार उत्पाद 5% स्लैब में आते हैं, जबकि कच्चा माल 18% स्लैब में है। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के कारण जीएसटी रिफंड लंबे समय से पेंडिंग हैं, जिससे इंडस्ट्री को वर्किंग कैपिटल की कमी और बैंकों को अतिरिक्त ब्याज देना पड़ रहा है। पिछले छह महीनों से लंबित रिफंड इंडस्ट्री का अपना पैसा है, न कि कोई ग्रांट या सब्सिडी। फिको ने चेतावनी दी कि अगर रिफंड तुरंत जारी नहीं किए गए, तो उद्योग जगत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। फिको ने संबंधित जीएसटी अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप और रिफंड को ऑटोमैटिक जारी करने की भी मांग की।




# बाइक चोरी करने वाले जीजा-साला गिरफ्तार, 9 मोटरसाइकिल बरामद

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/26 दिसबर। बठिंडा पुलिस ने दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी करने वाले जीजा-साले को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सतवंत सिंह उर्फ दीपू और कुलविंदर सिंह उर्फ निका के रूप में हुई है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर बठिंडा और आसपास के इलाकों से चोरी की 9 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। डीएसपी सिटी वन अमृतपाल सिंह भाटी ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 23 दिसंबर 2025 को थाना कैनाल पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सतवंत सिंह निवासी लाल सिंह बस्ती, श्री मुक्तसर साहिब और उसके साले कुलविंदर सिंह निवासी बुर्ज लधा सिंह वाला, जिला बरनाला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिन-रात लावारिस




छोड़ी गई मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते थे। वे अपनी नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए इन वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। सतवंत सिंह के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। साल 2023 में थर्मल पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई थीं।

# लुधियाना निगम हाउस में हंगामे के बीच 33 एजेंडों के साथ कई सो करोड़ के कामों को हरी झंडी


मीटिंग में मौजूद पार्षद


अपनी मांगें रखते हुए पार्षद अमन बग्गा


अपनी मांगें रखते हुए पार्षद अमन बग्गा

लुधियाना/यूटर्न/26 दिसंबर। शुक्रवार को जालंधर बाइपास चौक स्थित डॉ. अंबेड़कर भवन में निगम हाउस की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में विपक्ष द्वारा जमकर हंगामा किया। मीटिंग के दौरान सीवरेज, गंदा पानी और सफाई के मामले लगातार विपक्ष द्वारा उठाए गए। वहीं इस बीच पार्षद अरुण शर्मा की और से निगम अफसरों द्वारा रिश्वत लेकर कहीं भी अवैध बिल्डिंग बनवाने का मुद्दा भी उठा।

मीटिंग के दौरान निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, विधायक मदन लाल बग्गा, अशोक पराशर पप्पी, दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला, कुलवंत सिंह सिद्धू समेत सभी पार्षद व निगम अफसर मौजूद रहे। इस दौरान हंगामे के बीच सभी 33 एजेंडों को पास कर दिया गया। बता दें कि यह सभी एजेंडे कई सो करोड़ के विकास कार्यों के थे। इस दौरान एक महिला पार्षद अपने साथ गंदे पानी से भरी बोतल लेकर आई। वहीं पार्षद रखविंदर सिंग गाबड़िया द्वारा गिल रोड एक साल पहले बनने और टूटने का मुद्दा उठाया गया। हालांकि इस दौरान कई सड़कों को कमर्शियल करने का प्रस्ताव भी पास किया गया है।


मीटिंग में मौजूद निगम कमिश्नर व मेयर

## विधायक बग्गा ने कहा कि हर महीने और मीटिंग



इस दौरान विधायक मदन लाल बग्गा ने मेयर से मांग की है कि हाउस की बैठक महीने में एक बार हो। उन्होंने कहा कि हाउस को परिवार की तरह चलाया जाए। उन्होंने मेयर से मांग की है कि सबको मौका दिया जाए। वहीं विधायक दलजीत ग्रेवाल भोला ने कहा कि विपक्ष को ज्यादा समय दिया जाए।

## हीरो बेकरी चौक का नाम बदला गया



वहीं वॉर्ड 61 के पार्षद गुरप्रीत सिंह बब्बल की और से पिछले लंबे समय से हीरो बेकरी चौक का नाम बदलकर नौंवे गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के नाम पर रखने की मांग की गई थी। जिसके चलते उनकी और से कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा, निगम कमिश्नर को मांगपत्र भी सौंपा था। हाउस की मीटिंग में इस प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। जिसके चलते अब हीरो बेकरी चौक का नाम ऑफिशियल तौर पर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब चौक रख दिया गया है।

## यूटर्न की खबर पर लगी मोहर

यूटर्न टाइम अखबार की और से एक दिन पहले ही शहर की किसी भी सड़क को कमर्शियल करने के लिए 60 फीट की चौड़ाई होना जरुरी है। जिसके बाद ही सड़क कमर्शियल होगी और वहां पर कमर्शियल निर्माण हो सकेगा। निगम हाउस की मीटिंग में डाले गए मत्तों के दौरान उन्हीं कमर्शियल सड़कों को पास किया गया, जिनकी चौड़ाई 60 फीट या उससे अधीक है। जबकि सड़क के हर मत्ते में यह लिखा गया कि सड़क की चौड़ाई 60 फीट होने के चलते इसे पास किया गया है।

## एक घंटे तक विधायकों को नहीं निकलने दिया बाहर

वहीं जहां डॉ. अंबेड़कर भवन में हाउस की मीटिंग चल रही थी। वहीं दूसरी तरफ बाहर सड़क पर दलित नेता नरेश धींगान की और से निगम मुलाजिमों के साथ धरना प्रदर्शन कर पुतला फूंका गया। उनका कहना था कि निगम द्वारा डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए 1170 करोड़ का टेंडर लगाया जा रहा है। यह टेंडर एक कंपनी को दिया जाएगा। जिस कारण हजारों की गिनती में सफाई सेवकों का काम छीन लिया जाएगा। उन्होंने कहा एक तरफ आप सरकार लोगों को रोजगार दे रही है, दूसरी तरफ उन्हें बेरोजगार किया जा रहा है। जिसके चलते उन्होंने अपनी मांगों को लेकर करीब एक घंटे तक विधायकों को अंदर ही रोके रखा और बाहर नहीं निकलने दिया।

## इन अहम एजेंडों को मिली मंजूरी

- शहर में 1.95 करोड़ की लागत से लगेगीं 5000 एलईडी स्ट्रीटें।
- घनश्याम स्वीट्स रोड को सिमिट्री रोड से सीबिया अस्पताल तक किया कमर्शियल।
- फायर विभाग में होंगी नई भर्तियां।
- मॉडल टाउन में सहिगल गारमेंट से लेकर पीके कार्नर तक सड़क कमर्शियल घोषित।
- मॉडल टाउन में डाकघर रोड पर पाल चौक से दुगरी रोड तक सड़क कमर्शियल घोषित।
- फोकल प्वाइंट व शेरपुर कलां में निगम के 12 बूथ ई-ऑक्शन जरिए बेचें जाएंगे।
- हैबोवाल डेयरी कांप्लेक्स, पार्ट-बी, बाड़ेवाल आवाना, पंज पीर रोड पर पड़ी निगम की प्रॉपर्टी ई-ऑक्शन जरिए बेची जाएगी।
- किदवई नगर का नाम बदलकर गोसाई नगर रखा।
- हीरो बेकरी चौक का नाम बदलकर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब रखा।
- नगर निगम में डिजिटल ई-निगम सेवाओं के लिए आईपैड व टैबलेट खरीदे जाएंगे।
- हंबड़ा रोड पर अर्बन और वेस्ट वाटर मैनेजमेंट ऑफिस बनेगा।
- पीपीपी योजना के तहत शहर में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन और बैटरी स्वैप पॉइंट की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव किया जाएगा।
- फिरोजपुर रोड से मॉल रोड को शीप सैंक रोड को कमर्शियल घोषित किया।
- निगम में सुपरवाइजिंग इंजीनियर्स की भर्ती होगी।
- 110 गांव नगर निगम में आने वाले दो साल में मिलाए जाएंगे।
- दर्जा चार कर्मियों की रेगुलर भर्ती होगी।
- हैडीकैप कोटे में डीसी रेट पर भर्ती होगी।
- नूरवाला रोड का नाम बदलकर स. तारा सिंह स्वतंत्रता संग्रामी रखा।

# नई वार्डबंदी लोकतंत्र के साथ धोखा - सरूप चंद सिंगला

बठिंडा/यूटर्न/26 दिसंबर। मौजूदा सरकार द्वारा जारी की गई नई वार्डबंदी ने पूरे शहर को भ्रम और असमंजस की स्थिति में डाल दिया है। इस वार्डबंदी का विरोध करते हुए भाजपा के ज़िला अध्यक्ष व पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला ने कहा कि सरकार ने बिना किसी सोच-विचार और बिना जनता को विश्वास में लिए वार्डबंदी की अधिसूचना जारी कर दी है, जो पूरी तरह अस्पष्ट और भ्रमित करने वाली है। सरूप चंद सिंगला ने कहा कि जारी की गई अधिसूचना में न तो वार्डों की सीमाएँ स्पष्ट रूप से दर्शाई गई हैं और न ही जनसंख्या के आधार पर विभाजन को लेकर कोई ठोस जानकारी दी गई है। हालात यह हैं कि लोग अपने वार्ड की पहचान तक नहीं कर पा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों में भारी रोष और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया राजनीतिक लाभ हासिल करने के



उद्देश्य से की गई है, ताकि चुनावों से पहले वार्डों के साथ छेड़छाड़ कर मनचाहे परिणाम प्राप्त किए जा सकें। यह केवल शहर की प्रशासनिक व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की मूल भावनाओं पर सीधा हमला है। सिंगला ने कहा कि सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जब लोग स्पष्टीकरण के लिए अधिकारियों के पास जाते हैं, तो कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सही जवाब देने को तैयार नहीं है।

## हरियाणा में बार काउंसिल चुनाव की तैयारियां तेज, 17-18 मार्च 2026 को मतदान

चंडीगढ़/यूटर्न/26 दिसंबर। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव मार्च 2026 में आयोजित किए जाएंगे। चंडीगढ़ में मतदान 17 मार्च, 2026 को होगा, जबकि हरियाणा के विभिन्न जिलों में जिला स्तर पर मतदान 18 मार्च, 2026 को संपन्न होगा।

ङ्कन्याय प्रशासन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने चुनावों के सुचारू संचालन के लिए सभी उपायुक्तों को प्रशासनिक व लॉजिस्टिक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बार काउंसिल के रिटर्निंग ऑफिसर के अनुरोध पर मतदान प्रक्रिया की निगरानी हेतु राजस्व अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत हर पांच वर्ष में होने वाले ये चुनाव सुप्रीम कोर्ट के 3 दिसंबर, 2025 के आदेश के अनुपालन में कराए जा रहे हैं। प्रशासन ने पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित चुनाव सुनिश्चित करने, सुरक्षा प्रबंधों, मतदाता सुविधाओं और रियल-टाइम निगरानी पर विशेष जोर दिया है।

# सेंट कबीर के विद्यार्थियों ने इंटर-स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में जीती ट्रॉफी

तरसेम दीवाना

हुशियारपुर/यूटर्न/26 दिसंबर। स्कूल कैटेगरी फुटबॉल टूनार्मेंट 2025, जो सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गाँव बोहन में आयोजित किया गया था, में विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। सेंट कबीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चग्गरां होशियारपुर के एम.डी. डॉ. आशीष सरीन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस फुटबॉल टूनार्मेंट में ९सेंट कबीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चग्गरां९ की टीम ने वी हिस्सा लिया और अपने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में जय सिंह, मिलनजीत, साहिल प्रीत, राजदीप, जगमोहन, कपिल, गौरव, कनव, हरमन, गगन आदि ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया और विजेता हुए। इस खुशी के अवसर पर डॉ. आशीष सरीन ने बच्चों को बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372